डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 68 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शुक्रवार 20 दिसम्बर 2024 | मूल्य 2 रुपया

श्री सिद्धि विनायक
हार्ट केयर
अब नियमित सेवाएं मंदसौर में उपलब्ध
हृदय रोगों के उपचार में अंचल का जाना पहचाना नाम
हृदय रोग विशेषज्ञ

डॉ. पवन मेहता
MBBS, M.D. (Medicine) I DM (Cardiology)
Consultant Interventional Cardiology
परामर्श समय - प्रतिदिन प्रातः 10:00 से सायं 5:00 बजे तक
12, दशपुर कुंज रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, मंदसौर (म.प्र.) 07422-490333



## युवक के लिए मौत लेकर आई मजाक-मस्ती

### महाराष्ट्र के बेलापुर में हुआ हादसा, सीसीटीवी में रिकॉर्ड हुआ घटनाक्रम

**मनासा, 19 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** रामपुरा के भदाना निवासी 18 वर्षीय युवक के लिए हंसी-मजाक में गुलांटी लगाना जानलेवा साबित हो गया। महाराष्ट्र के बेलापुर गांव में गुलांटी लगाते समय उसका सिर जमीन से टकरा गया, जिससे वह अचेत हो गया। इसके बाद उसे अहमदाबाद के अस्पताल ले जाया गया। वहां 6 दिन बाद यानी 18 दिसंबर की शाम 5 बजे उसकी मौत हो गई। मौत की वजह गर्दन की हड्डी टूटना बताई जा रही। युवक का गुरुवार दोपहर करीब 1 बजे भदाना गांव में अंतिम संस्कार किया गया। बताया गया है कि युवक का नाम राकेश गरासिया बंजारा था। वह रामपुरा थाना क्षेत्र के भदाना गांव का रहने वाला था। उसके घर की माली हालत ठीक नहीं होने से वह फेरी लगाकर कंबल बेचने का काम करता था। करीब एक माह पहले वह गांव के परिचितों और रिश्तेदारों के साथ कंबल का व्यवसाय करने महाराष्ट्र गया था।

**महंगी पड़ी मस्ती-मजाक...**

ये लोग महाराष्ट्र के शोलापुर जिले की पंढरपुर तहसील के कस्बे बेलापुर में रुके थे। 13 दिसंबर की सुबह युवक अपने साथियों के साथ घर के बाहर रखे बिस्तरों पर मस्ती-मजाक में गुलाटी मार रहा था, लेकिन एक गुलाटी लगाने के बाद जब उसने दूसरी गुलाटी लगाई तो उसका सिर जमीन से टकरा गया। इसके बाद जब उसने कोई हरकत नहीं की तो साथियों ने उसे देखा और स्थानीय अस्पताल लेकर पहुंचे। इसके बाद परिजन उसे अहमदाबाद ले गए। हादसे का पूरा वाकया सीसीटीवी में भी रिकॉर्ड हुआ है।

**बेटे की मौत से सदमे में परिवार...**

जवान बेटे की मौत से परिवार सदमे में है। वहीं बंजारा समाज में भी शोक है। बता दें कि क्षेत्र में निवासरत बंजारा समाज के लोग मजदूरी और फेरी लगाकर व्यवसाय के लिए अलग-अलग प्रदेशों में जाते हैं। मृतक युवक के परिवार में बीमार माता-पिता के अलावा एक भाई भी है। घर की खराब माली हालत के चलते वह कम उम्र से व्यवसाय करने लगा। बंजारा समाज के नेता और जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि सागर कछावा ने प्रशासन से पीड़ित परिवार की आर्थिक मदद करने की मांग की हैं।



**मामला तेलिया तालाब के पानी का...**

# उद्योगपतियों पर मेहरबान नपा के कारिंदे

**मंदसौर, 19 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस। नगरपालिका के अधिकारी बेसमेंट वाले, पॉलिथीन माफिया, मेरिज गार्डन मालिकों पर तो मेहरबान बने हुए है। उद्योगपतियों से जुगलबंदी तो इस हद तक हो चुकी है कि अपने पार्षदों की शिकायतों को ही गंभीरता से नहीं लिया जा रहा। पार्षद कभी जिला योजना समिति में अपनी शिकायत लेकर जाता है तो कभी कलेक्टरोट में आवेदन लेकर। उद्योगों के निशाने पर है तैलिया तालाब से रिचार्ज होने वाले आसपास के जलस्त्रोत। जो जिम्मेदारों की उदासीनता, लापरवाही या जुगलबंदी से दूषित होने लगे हैं।**

## नोटिस-नोटिस का खेल, पार्षद तक की नहीं सुन रहे, जमीन का पानी हो रहा जहरीला

**तालाब के अस्तित्व पर खतरा...**

नगरपालिका तेलिया तालाब के सौंदर्यीकरण सहित अन्य कार्यों के नाम पर करोड़ो रुपए खर्च कर चुकी हैं। अब जल्द कायाकल्प, पिचिंग, वॉकिंग ट्रैक सहित अन्य कार्यों पर 4.71 करोड़ रुपए खर्च करने की तैयारी है। लेकिन, कोई सुधार नहीं हो पा रहा है। ऐसे में शहर के 75 प्रतिशत से अधिक भूमिगत जलस्त्रोतों को जीवित रखने वाले तेलिया तालाब के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है।

**खुद मान रहे आपराधिक कृत्य, नोटिस नोटिस खेल रहे...**

हैरानी की बात यह है कि तेलिया तालाब के प्रदूषण व दुर्गंध से परेशान रहवासी लंबे समय से शिकायत कर रहे हैं। अप्रैल 2023 में अमृत रिफाइनरी द्वारा नियम विरुद्ध बिना ट्रीटमेंट किए गंदा पानी नाले में छोड़ने और चिमनी का उपयोग नहीं करने की शिकायत हुई थी। इसमें बताया गया था कि गांधीनगर व मेघदूतनगर सहित आसपास के घरों में सीधा धुआं प्रवेश कर रहा है। मामले में नपा ने संक्रामक बीमारी फैलने का हवाला देते हुए कहा था कि यह कृत्य अपराध की श्रेणी में हैं। बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। नगरपालिका नोटिस-नोटिस का खेल खेलकर शिकायत पर ठंडे पानी के छिटें डाल रही है।

**प्रदूषण बोर्ड भी जवाबदार, तीन तरह का प्रदूषण...**

अमृत रिफाइनरी की बातकरें तो इस फैक्टरी द्वारा तीन तरह के प्रदूषण किए जा रहे हैं। वायु प्रदूषण की स्थिति तो यह है कि फैक्टरी के आसपास सूखने वाले कपड़े धुएं के कारण काले हो जाते हैं। इधर तैलिया तालाब में मिलने वाला केमिकल तालाब के पानी को खराब कर रहा है। जलीय जीव समाप्त हो रहे हैं। जिससे पानी बदबू मारने लगा है। अब जमीन के अंदर मौजूद पानी और उसके जलस्त्रोत भी प्रदूषण का शिकार हो रहे हैं। इस मामले में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी भी जवाबदार है। बताया जाता है कि जांच के नाम पर सिर्फ औपचारिकता निभाई जा रही है। जिससे कहीं न कहीं बोर्ड के अधिकारी भी सवालों के घेरे में नजर आ रहे हैं।



**कहीं भी नहीं हो रही सुनवाई...**

भाजपा पार्षद भारती पाटीदार ने बताया कि अमृत रिफाइनरी फैक्टरी के संबंध में पूर्व में भी कई शिकायतें की। लेकिन, अब तक निराकरण नहीं हो पाया। इधर, फैक्टरी के कारण गांधीनगर, कर्मचारी आवास कॉलोनी, इजी होम कॉलोनी, महाराणा प्रताप कॉलोनी के रहवासी परेशान हो रहे हैं। पार्षद भारती पाटीदार ने बताया कि जिला योजना समिति और क्लेक्टर को भी आवेदन देकर शिकायत की जा चुकी है। इसके बाद भी कार्रवाई नहीं हो रही। इधर जमीन का पानी लगातार प्रदूषित हो रहा है।

## तीन दिन में पारा 3 डिग्री बढ़ा, कुछ दिनो में फिर बढ़ेगी ठंड

**मंदसौर, 19 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** अंचल सहित शहर में पिछले तीन दिनों में सर्दी से थोड़ी राहत मिली है। इस दौरान तापमान 3 डिग्री तक बढा है। गुरुवार को जिले में अधिकतम तापमान 27.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 9 डिग्री के आसपास रहा। मौसम जानकारों के मुताबिक आने वाले दिनों में तापमान फिर नीचे गिर सकता है। कुछ दिनो में पुनः ठंड बढ़ने की उम्मीद है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेद प्रकाश सिंह के मुताबिक इस बार पहाड़ी क्षेत्रो से आई बर्फीली हवाओं के कारण ठंड बढ़ी है। 6.8 डिग्री तापमान के साथ 14 दिसंबर शनिवार इस सीजन का सबसे सर्द दिन था। मौसम जानकारो के अनुसार 22 दिसंबर से 10 जनवरी तक अच्छी खासी ठंड पड़ने की संभावना है। इस दौरान कोल्ड वेव चलने की भी आशंका है।

## एमपी बोर्ड: 5वीं और 8वीं की परीक्षा का टाइम टेबल घोषित

**मंदसौर, 19 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** एमपी बोर्ड ने कक्षा 5वीं और 8वीं के छात्रों के लिए वार्षिक परीक्षा का टाइम टेबल जारी कर दिया है। यह परीक्षा अगले साल 24 फरवरी से शुरू होकर 5 मार्च तक चलेगी। परीक्षा का समय दोपहर 2 बजे से शाम 4:30 बजे तक होगा। एमपी बोर्ड के अधिकारियो के मुताबिक यह टाइम टेबल राज्य के सभी शासकीय, मान्यता प्राप्त अशासकीय, अनुदान प्राप्त शालाओं, डाईस कोड प्राप्त मदरसों के लिए एक समान रहेगा।

**जांच से घबराई मल्हारगढ़ नप ने शुरु किया भ्रष्टाचार पर लिपापोती का प्रयास...**

## नाले सहित अन्य निर्माणों को ठीक करने की कवायद

**मंदसौर, 19 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** मल्हारगढ़ में घटिया नाला निर्माण की शिकायत करने लौटन यात्रा कर जनसुनवाई में कलेक्टोरेट पहुंचे युवक के आवेदन के बाद नप ने भ्रष्टाचार पर लिपापोती का प्रयास शुरु कर दिया है। नाले को सुधारने का काम शुरु किया गया है। हकीकत यह है कि इस घटिया निर्माण में सुधार की कोई गुंजाइश ही नहीं है। निर्माण के समय पाइप से लेकर अन्य संसाधनों में खेल किया गया। घटिया सामग्री का उपयोग किया गया। जिसके कारण नाला अभी से ही डेमेज होने लगा है।

बता दें कि मल्हारगढ के जागरुक युवक ज्ञानेश प्रजापति ने लोटर यात्रा की और जनसुनवाई में आवेदन दिया। इसके बाद मामले में नगर परिषद के अधिकारियों को संज्ञान लेने के निर्देश दिए गए। अब इस घटिया निर्माण को जैसे- तैसे दुरुस्त करने की कोशिश की जा रही है। नगर परिषद मल्हारगढ के वार्ड नंबर में 12 इस नाला निर्माण में 8 एमएम का सरिया लगाया गया है। आगे जाकर नाला एक छोटी सी नाली में तब्दील कर दिया गया। इस नाले के अंदर छोटी-छोटी नालियां बनाई गई। नाले का नीचे का फर्श पूरी तरह तड़क गया है। इसमें हो रही बडी बडी दरारें घटिया निर्माण की कहानी बयां कर रही है। घटिया निर्माण के कारण जगह-जगह से नाला टूटने लगा है। इस नाले के अलावा वार्ड क्र 4 कायाकल्प योजना का सीसी निर्माण में भ्रष्टाचार, वार्ड 5 आंबेडकर मांगलिक भवन के उपर डोम निर्माण की जांच की मांग भी की गई थी। इंजीनियर पर भी आरोप लगाए गए थे। जिसमें कहा गया कि नगर परिषद के इंजीनियर भी भ्रष्टाचार में शामिल है, जिन्होंने जांच के नाम पर गलत रिपोर्ट बना दी। ठेकेदार और इंजीनियर का कहना है कि कमीशन नगर पंचायत से लेकर जिला अधिकारियों तक बंटता है। कमीशन के चक्कर में इन निर्माण कार्य की विधिवत जांच नहीं हो रही।

इस भ्रष्टाचार में संबंधित विभाग के अधिकारियों के शामिल होने के आरोप भी है। शिकायती आवेदन में लिखा गया था कि शहरी विकास अभिकरण के जिला परियोजना अधिकारी भी इसमें शामिल हैं। कलेक्टर ने 20 अगस्त 2024 को नाला निर्माण के संबंध में सीएमओ और इंजीनियर को रिकॉर्ड लेकर बुलाया था। लेकिन, उसके बाद आगे की कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। फरियादी का कहना है कि अगर टेस्ट रिपोर्ट सही है, तो नाला जगह-जगह से टूटने व तड़कने क्यों लगा है? बिल में सरिया 12 एमएम का पास किया गया है। पूरे मामले की जांच होना चाहिए।

## डेली कलेक्शन एजेंट मनोज जैन को इंदौर पासिंग कार ने टक्कर मारी, घायल

**मंदसौर, 19 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** स्मृति बैंक के डेली कलेक्शन एजेंट मनोज जैन को विशाल मेगा मार्ट के पास इंदौर पासिंग कार ने टक्कर मार दी। जिससे कलेक्शन एजेंट गंभीर घायल हो गया। उसे गंभीर हालत में राम मोहन अस्पताल में भरती किया गया हैं। जहां उनका उपचार चल रहा हैं। घायल मनोज की हालत खतरे से बाहर हैं।

मनोज जैन को जिस कार ने टक्कर मारी वह इंदौर पासिंग थी, जिसका नंबर एमपी 09 सी जी 1212 था। कार चालक को किसी ने कहा की यहां से निकल लो तो उसने घायल का उपचार कराने की बजाय उसे वहीं छोड़कर भाग निकला। मामले में पुलिस कम्प्लेन भी की गई हैं।

# आपके बेटे को ड्रग्स के साथ पकड़ा है..!

## साइबर ठगों ने फिर फेंका जाल, मांगे पचास हजार रुपए, पुलिस ने की ठगों की योजना फैल

**भानपुरा, 19 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** आपके बेटे को ड्रग्स के साथ पकड़ लिया है। 50 हजार रूपए देकर सेटलमेंट कर लो, अन्यथा यह लंबे समय के लिए जैल जाएगा और कैरियर भी बिगड़ जाएगा। यह था साइबर ठगों का पैतरा जो उन्होंने भानपुरा क्षेत्र में एक दंपति पर आजमाया। हालांकि, दंपति तुरंत पुलिस के पास पहुंचे। पुलिस ने दंपति की उनके बेटे से बात करा दी। इस तरह ठगोरो की योजना फैल हो गईं।

साइबर ठगी के नए-नए पैंतरे लोगों की मेहनत की कमाई मिनटों में उड़ा रहे हैं। कभी निवेश का लालच तो कभी नौकरी का झांसा, छोटी सी लापरवाही से लोग जालसाजी का शिकार हो जाते हैं और लाखों रूपये ठगों को यूंही दे देते हैं। साइबर ठगी का ऐसा ही एक नया पैटर्न इन दिनों सामने आया है, जहां बच्चों के नाम पर ब्लैकमेल कर अभिभावकों से ऑनलाइन ठगी की जा रही है।

ठग फोन कर खुद को पुलिस अफसर बताता है और अभिभावकों को बच्चों के फर्जी प्रकरण की जानकारी देता है। साथ ही केस को बंद करवाकर मामला रफा-दफा करने के लिए रुपयों की मांग करता है। शहर में पिछले करीब छह महीने से इस प्रकार की ठगी के हर दिन लोगों के पास फोन पहुंच रहे हैं।

ताजा मामला भानपुरा थाना क्षेत्र के संधारा का है। 19 दिसंबर को अनीता पति नरसिंह राठौर निवासी संधारा को सुबह करीब 11.00 बजे उनके व्हाटसअप पर एक अननोन नम्बर से काल आया। जिसमे उनके बेटे को ड्रग्स के साथ पकड़ा जाना बताया। ठगोरो ने अनीता से 50 हजार रूपये की मांग करते अकाउण्ट नम्बर मे राशि स्थानातरण करने हेतु दबाव बनाया और केस को रफा दफा करने के लिए बोला। जिस पर अनिता अपने पति नरसिहं राठोर के साथ तुरन्त थाना उपस्थित होकर उक्त घटना के संबंध मे जानकारी दी गई। जिस पर थाना प्रभारी द्वारा तुरन्त कार्यवाही करते हुए उक्त आये काल पर चर्चा करते पीड़िता अनिता के बेटे के संबंध मे बातचीत की गई। जिस पर अनिता के बेटे की गिरफ्तारी के बारे मे जानकारी लेने पर उनका बेटा कृष्णकान्त वर्तमान मे बीएसी नर्सिंग धनवंतरी कालेज जयपुर में अध्यनरत है। जहां पर तुरन्त कालेज मे सम्पर्क कर पीड़िता अनिता के बेटे कृष्णकान्त से विडियो काल के जरिये बात करते नार्सिंग की क्लास मे उपस्थित होना पाया गया। फिर पीडिता अनिता के व्हाटसअप नम्बर पर आये काल के नम्बर पर काल करते नही लगा। इस तरह पुलिस द्वारा तुरन्त कार्यवाही करते व दम्पति की सुझबुझ से अप्रिय घटना घटित होने से बची।

बता दे कि आमजन का इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि इस तरह की ठगी में कोई भी पुलिस वाला अपने खाते में रिश्वत की राशि कैसे मांग सकता है। लेकिन, बच्चों के मोह में कहीं न कहीं अभिभावक पेशेंस खो देते हैं। सोचने वाली बात यह है कि पुलिस वाला हो या कोई भी सरकारी कर्मचारी सीधे खाते में रिश्वत की रकम ले ही नहीं सकता। मोबाईल पर रिश्वत तो कितना ही बड़ा घूसखोर हो मांगने की हिम्मत नहीं कर सकता। मामलों में कई बार अभिभावक ठगों की चालाकी समझ जाते हैं तो कुछ बच्चों का नाम अपराध में जुड़ने से घबरा जाते हैं और डरकर पैसे ठग के बैंक खाते में पहुंचा देते हैं। प्रदेश में कई जगहों पर साइबर सेल में भी इस तरह के मामलों की शिकायत पहुंची है, जिनकी जांच की जा रही है।

## लोहे की छड़ सिर पर मारी, 3 पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 19 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** मारपीट के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों पर केस दर्ज किया। कमलसिंह पिता श्रीलाल बावरी ने नारायणगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि कुए से मिट्टी निकालने के लिए जेसीबी बुलवाई थी। कन्हैयालाल बावरी, गणपत बावरी व नेपाल बावरी से मिट्टी निकालने के लिए खर्च हुई राशि मांगी तो तीनों ने गाली-गलौज कर मारपीट की, लोहे की छड़ की सिर पर मारी, जिससे चोंटे आई। पुलिस ने तीनों आरोपियों पर केस दर्ज किया।

# कुचड़ोद बस स्टैंड पर दर्दनाक हादसा

**ट्रैक्टर की साइड से निकल रही बाइक पर सवार 3 साल का मासूम गिरा, सर पर पहिया चढ़ने से बालक की मौके पर ही मौत, डायल 100 एवं अफजलपुर थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे, आक्रोशित लोगों ने बायपास की मांग की, बोले-ट्रैक्टर एवं डंपर गिट्टी भरकर तेज गति से निकलते**

**शाहरुख रजा**

**सेमलिया काजी, 19 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** समीपस्थ ग्राम कुचड़ोद के बस स्टैंड के समीप ट्रैक्टर की ट्राली के पहिए के नीचे आने से एक तीन वर्षीय मासूम की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के समय पिता अपने पुत्र के साथ बाइक लेकर निकल रहा था। समीप से ट्रैक्टर निकल रहा था। अचानक बाइक का बैलेंस बिगड़ने से 3 वर्षीय बालक नीचे गिर गया। ट्राली के पहिए के नीचे आने से बालक का सर कुचल गया। बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर डायल 100 एवं अफजलपुर थाना प्रभारी सहित पुलिस पहुंची। ग्रामीणों ड्राइवर को पकड लिया और पुलिस के सुपुर्द किया। शव का पंचनामा बनाकर, एंबुलेंस से धुंधडका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। पीएम करवा कर शव परिजनों को सोंपा।




गुरुवार दोपहर बाद बस स्टैंड से सीहोर तरफ बिना नंबर का सोनालिका ट्रैक्टर चालक मुनेश मीणा दाउद्द खेड़ी मंदसौर लेकर जा रहा था। सड़क के किनारे ही हीरो होंडा स्प्लेंडर मोटरसाइकिल पर राम गिर गोस्वामी अपने 3 साल के बेटे कार्तिक को लेकर निकल रहा था। तभी अचानक बाइक का बैलेंस बिगड़ने से बालक ट्राली के पहिए के आगे गिर गया। आवाज देकर ट्रैक्टर रूकवाते तब तक ट्राली का पहिया बालक के सर पर चढ चुका था। जिससे मौके पर ही बालक की दर्दनाक मौत हो गई। अचानक हुए हादसे के बाद भीड़ एकत्रित हो गई। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने ट्रैक्टर जप्त कर थाने भिजवाया। ग्रामीणों ने ड्राइवर को पुलिस के सुपुर्द किया। अचानक हुए हादसे में बालक की मौत पर माता पिता सहित परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया।

**अतिक्रमण हटाने एवं बायपास की मांग...**

ग्रामीणों ने बस स्टैंड पर दुकानों के बाहर अतिक्रमण को लेकर आक्रोश जताया। सूचना पर डायल 100 से हेड कांस्टेबल जितेंद्र श्रीवास्तव सहित पुलिस पहुंची। बीट प्रभारी एएसआई भैरू दास बैरागी सहित थाना प्रभारी समरथ सिनम भी मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने थाना प्रभारी से तेज निकलते ट्रैक्टर एवं डंपर की शिकायत की। बोले; डंपर चालक गिट्टी तय मात्रा से ज्यादा भर कर तेज गति से निकलते हैं। रास्ते में गिट्टी बिखरती जाती है। इससे भी हादसे होते रहते हैं। जहां हादसा हुआ वहां भी गिट्टी पड़ी हुई थी। रेत गिट्टी के ट्रैक्टर भी काफी तेज गति से निकलते हैं। रेत एवं इंटो के ट्रैक्टर एवं गिट्टी लेकर निकलते हुए डंपरों के निकलने के लिए बायपास बनाया जाए। ताकि गांव में वाहनों की भीड़ के साथ हादसे ना हो। थाना प्रभारी समरथ सिनम ने तुरंत डंपरों को दिन में निकालने के लिए क्रेशर मशीन वालों को मना किया। वही बायपास के लिए पंचायत सरपंच से बात की। कहा; वैकल्पिक बायपास निकालने की व्यवस्था तत्काल करेंगे। ताकि गिट्टी लेकर जा रहे डंपर रेत, गिट्टी एवं ईटों के ट्रैक्टर गांव के अंदर एवं बस स्टैंड से ना निकलते हुए वैकल्पिक बायपास से निकलेंगे।

## भाजपा में संगठन का नियंत्रण समाप्त..! महाराष्ट्र के बाद सांसदों ने भी उजागर किया...

**मंदसौर/उज्जैन, 19 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** महाराष्ट्र सरकार का मंत्रिमंडल बनते ही सहयोगी दल और भाजपा के विधायकों के नाराजी भरे बयान आ रहे हैं। इस कारण राजनीतिक जगत में यह पुख्ता होता जा रहा है कि भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व को अभी तक अनुशासन और दबदबे के साथ चलाने वाले डबल इंजन की ताकत दिन-ब-दिन समाप्त होती जा रही है। सिर्फ महाराष्ट्र ही नहीं सांसदों में भी तीन लाइनों का व्हिप जारी करने के बाद भी 20 सांसद सदन में कम थे और एक देश- एक चुनाव संशोधन पर मुंह की खाना पड़ी। अब जेपीसी के हवाले है। अनुभवियों का कहना है कि जब आदमी का समय खराब होता है, उसके निर्णय उसके अपने ही खारिज करने लगते हैं और कुछ तो स्पष्ट विरोध भी करने लगते हैं। कुछ ऐसा ही लगातार एनडीए के डबल इंजन के साथ हो रहा है। दो ताजा मामले हैं सांसदों का व्हिप के बाद अनुपस्थित रहना और महाराष्ट्र में 25 दिनों बाद भी मंत्री के नाम और विभागों को लेकर सार्वजनिक विरोधाभासी बयानों का लगातार आना।



चन्द्रमोहन भगत

संसद में एक देश एक चुनाव संशोधन विधेयक के पक्ष में 269 मत तो विपक्ष में 198 मत पड़े थे। देश भर में यह चर्चा थी कि सभी सांसदों को उपस्थित रहने का व्हिप जारी करने के बाद भी 20 सांसदों की अनुपस्थिति प्रमाणित कर रही है कि एनडीए के डबल इंजन का रुतबा अपने ही संगठन में लगता समाप्त होता जा रहा है। इस संसदीय घटना को स्वर्गीय अंबेडकर प्रसंग ने विराम लगा दिया है। जबकि, महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव के 23 नवंबर को नतीजे में स्पष्टबहुमत आ जाने के बाद भी विधायक दल का नेता चुनने में 12 दिन लग गए। फिर 10 दिन मंत्रियों के नाम चयन में लग गए और खबर लिखे जाने तक विभागों का बंटवारा नहीं हो पाया था। दूसरी तरफ जिन वरिष्ठ विधायकों को मंत्रिमंडल में स्थान नहीं मिल पाया उनकी नाराजगी भरी प्रतिक्रिया भी सार्वजनिक हो रही है। एनसीपी के पूर्व उपमुख्यमंत्री रहे छगन भुजबल ने बयान दिया है कि वह अपने पुराने संगठन समता परिषद को फिर से मजबूत और सक्रिय करने पर काम करेंगे। महाराष्ट्र भाजपा के पूर्व अध्यक्ष और मंत्री रहे सुधीर मुनगंटीवार ने कहा कि मुझे अस्वस्थ किया था, कोई कमी रही है तो सार्वजनिक करें। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के एक भी समर्थक विधायक को मंत्री नहीं बनाया गया है।

मुंबई से तीसरी बार जीतने वाले एकनाथ शिंदे समर्थक विधायक सुर्वे को वायदा कर नहीं बनाया। 6 विधायक एकनाथ शिंदे से इसलिए नाराज हैं कि उन्हें वादा किया गया था और अब कहा जा रहा है कि आपको ढाई साल बाद मंत्री बना देंगे। विधायकों ने विरोध किया की भीख नहीं चाहिए। कुल मिलाकर डबल इंजन के नेतृत्व का जो नियंत्रण साल भर पहले था, अब कहीं भी नजर नहीं आ रहा है। राजस्थान में भजनलाल को जब मुख्यमंत्री बनाया था तब वसुंधरा राजे जैसी नेता बगैर विरोध किए अनुशासित रही थी। मध्य प्रदेश में डॉक्टर मोहन यादव का नाम आने पर शिवराज सिंह चौहान, प्रहलाद पटेल, कैलाश विजयवर्गीय हतप्रभ थे। पर सभी अनुशासित रहे थे। साल भर बाद ऐसी क्या कमजोरी डबल इंजन की उजागर हो गई कि व्हिप के बाद 20 सांसदों ने तड़ी मार दी तो महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री और संगठन 25 दिनों बाद भी मंत्रियों को विभाग नहीं बांट पाए हैं ! मामला पार्टी का अंदरूनी है पर दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी और अनुशासित कहलाने वाली भाजपा हाईकमान में कुछ तो गड़बड़ चल रही है!

गृहमंत्री शाह द्वारा डा. भीमराव आंबेडकर पर दिए गए कथित बयान पर...

# एनएसयूआई ने पुतला जला कर किया विरोध प्रदर्शन



**मंदसौर, 19 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** सत्ता के नशे में मदहोश भारतीय जनता पार्टी के नेता लोग आए दिन गलत बयान बाजी कर रहे हैं। देश में बढ़ते भ्रष्टाचार, बढ़ती बेरोजगारी, बढ़ती महंगाई, दलित आदिवासियों व महिलाओं पर हो रहे अत्याचार से ध्यान भटकाने के लिए व सुर्खियों में आने के भाजपा के नेता लोग देश के ऊपर अपना सर्वस्व न्योछावर करते हुए आजादी की लड़ाई लड़ने वाले नेताओं पर आए दिन गलत बयान बाजी कर रहे हैं।

संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर पर की गई कथित टिप्पणी के विरोध में अमित शाह के पुतले व विरोध प्रदर्शन पूरे देश में कांग्रेस पार्टी कर रही है । आज कांग्रेस छात्र संगठन एनएसयूआई ने जिला मुख्यालय स्थित गांधी चौराहा पर गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा राज्यसभा में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर पर दिए गए विवादास्पद बयान के विरोध में अमित शाह मुरादाबाद मुर्दाबाद, अमित शाह इस्तीफा दो इस्तीफा दो के नारे लगाते हुए एनएसयूआई के छात्रों ने पुतले जलाकर विरोध प्रदर्शन किया । एनएसयूआई छात्रों ने सुबह से गांधी चौराहा पर लगी हुई पुलिस व फायर फाइटर को छकाते हुए दो पुतले जलाए । यह प्रदर्शन एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे व जिला अध्यक्ष ऋतिक पटेल के निर्देश पर महाविद्यालय प्रभारी श्री दुर्गा शंकर धाकड़ के नेतृत्व में पुतला दहन कार्यक्रम किया गया। पुतला दहन कार्यक्रम के इस अवसर पर पूर्व एनएसयूआई जिला अध्यक्ष सुनील बसेर ,एनएसयूआई के प्रदेश सचिव हरीश पाटीदार सोनिया जैन साथ ही एनएसयूआई के छात्र सर्वश्री यश श्रीवास्तव, युवराज सिंह सिसोदिया, रोहित मालवीय,कमलेश कुमावत, मयंक पवार, आशीष कुमावत, अजय व्यास, रितेश राठौर, सम्यक जैन,पवन गहलोत आदि इस अवसर पर एनएसयूआई के छात्र उपस्थित थे। साथ ही इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठजन में सर्वश्री सोमिल नाहटा, डॉक्टर राघवेंद्र सिंह तोमर, विकास दशोरा, राज नारायण लाड़,राजेंद्र सेठिया, हेमंत शर्मा, दिलीप देवड़ा, प्रवीण मगरिया, विश्वास दुबे,राजेश फरक्या,जितेन सोपरा, रमेश सिंगार, खलील पठान ,कमलेश सोनी,इष्टा भाचावत,अनीता भदोरिया, वर्षा सांखला,योगिता बैरागी, दशरथ राठौर,अजय सोनी नितेश सतीदासानी, विश्वनाथ सोनी, विजय जैन,घनश्याम चौहान, अमीन खान,सादिकगोरी, अक्षय सेठिया, सावन मकवाना,संजय बारोट, कन्हैयालाल भदानिया आदि इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे।

# भारत दुनिया में मसालों का अग्रणी उत्पादक, उपभोक्ता और निर्यातक राष्ट्र

## मसाले का उत्पादन, उपभोग और निर्यात को लेकर सांसद गुप्ता ने लोकसभा में किया प्रश्न

**मंदसौर, 19 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** भारत दुनिया में मसालों का अग्रणी उत्पादक, उपभोक्ता और निर्यातक राष्ट्र है। वर्ष 2023-24 के दौरान भारत में मसालों का कुल उत्पादन 1,18,01,737 मीट्रिक टन रहा। भारत ने वर्ष 2023-24 में 36,958.80 करोड़ रूपये (4,464.17 मिलियन अमेरिकी डॉलर) मूल्य के 15,39,692 टन मसालों और मसाला उत्पादों का निर्यात किया। उक्त बात वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने लोकसभा में सांसद सुधीर गुप्ता द्वारा पूछे गए प्रश्न के जवाब में कही।



प्रश्नकाल के दौरान सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि भारत विश्व में मसालों का सबसे बड़ा उत्पादक, उपभोक्ता और निर्यातक हैं। चालू वित्त वर्ष के दौरान देश में मसालों का मात्रावार कुल कितना उत्पादन हुआ। सरकार द्वारा किसानों की आय बढ़ाने के लिए देश में अधिक से अधिक किसानों को मसालों की खेती के लिए प्रोत्साहित करने के लिए क्या कदम उठा रही है और देश में मसालों का उत्पादन बढ़ाने के लिए अन्य क्या उपाय किए जा रहे हैं। प्रश्न के जवाब में केन्द्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने बताया कि देश में मसाला उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार के विभिन्न फ्लैगशिप कार्यक्रमों के माध्यम से कई विकास कार्यक्रम कार्यान्वित किए जा रहे हैं जैसे एकीकृत बागवानी विकास मिशन (एमआईडीएच), राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई), परंपरागत कृषि विकास योजना (पीकेवीवाई), प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई), प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई), प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन (एनआरएम), मृदा हेल्थ कार्ड और ई-राष्ट्रीय कृषि बाजार । उन्होने बताया कि मसाला बोर्ड अपनी निर्यात विकास के लिए प्रगतिशील, अभिनव और सहयोगात्मक क्रियाकलापों के माध्यम से मसाला क्षेत्र में स्थिरता योजना के जरिये इलायची के उत्पादन और उत्पादकता में सुधार के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का कार्यान्वयन कर रहा है, जिसमें पुन: रोपण गुणवत्तापूर्ण रोपण सामग्री का उत्पादन, जल स्रोतों और सूक्ष्म सिंचाई सुविधाओं का विकास और मौसम आधारित फसल बीमा संबंधी सहयोग करना शामिल हैं। उन्होने कहा कि मसाला बोर्ड अपनी योजना के अन्तर्गत भारत से मसालों के निर्यात संवर्धन के लिए विभिन्न क्रियाकलापों का संचालन करता है, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ बाज़ार विकास और भारतीय मसालों की ब्रांडिंग, मसालों के प्रसंस्करण के लिए तकनीकी और अवसंरचना संबंधी कार्यकलाप और अंतर्राष्ट्रीय मेलों और आयोजनों में भागीदारी करना शामिल है।

## दम्पत्ति को पीटा, पिता-पुत्र सहित 3 पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 19 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** खेत से बाइक निकालने के लिए मना किया तो दम्पत्ति को पीटा। पुलिस ने पिता-पुत्र सहित 3 पर केस दर्ज किया। खण्डेरिया मारु निवासी पवन पिता भुवानीराम गुर्जर ने नाहरगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि पनती के साथ खेत पर पाणत करने गया था, इस दौरान कन्हैयालाल पिता कारुलाल गुर्जर ने खड़ी फसल से बाइक निकाली, मना किया तो गाली - गलौज की। कन्हैयालाल के साथ ही उसके पिता कारुलाल गुर्जर व दयाराम पिता मोतीलाल गुर्जर ने भी मेरे साथ मारपीट की। बीच-बचाव करने आई मेरी पत्नी रविना के साथ भी तीनों ने मारपीट की। लकड़ी से मारपीट के दौरान मेरे पैर व जांघ पर चोंट आई। पुलिस ने तीनों आरोपियों पर केस दर्ज किया।

# युवा उत्सव का आयोजन 24 को होगा

**मंदसौर, 19 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन नेहरू युवा केन्द्र, खेल और युवा कल्याण विभाग, राष्ट्रीय सेवा योजना मंदसौर द्वारा 24 दिसंबर 2024 को कुशाभाउ ठाकरे सभाग्रह में प्रात: 10 बजे से आयोजित होगा, युवा उत्सव प्रतियोगिता में 15 से 29 आयु के युवा प्रतिभागिता कर पाएंगे, प्रतियोगिता हेतु प्रतिभागी मंदसौर जिले का निवासी होना अनिवार्य है, प्रतिभागिता हेतु पंजियन फार्म श्री अनिल कुमार आर्य एन.एस.एस. प्रभारी पी.जी. कालेज मंदसौर एवं खेल और युवा कल्याण विभाग, मन्दसौर में 23 दिसंबर 2024 के शाम 5:00 बजे तक जमा कर सकेंगे। तत्पश्चात् किसी भी पंजीयन फार्म को स्वीकार नहीं किया जाएगा। जिला युवा उत्सव में भाषण प्रतियोगिता , कविता लेखन, चित्रकला, विज्ञान मेला (एकल एवं समूह), मोबाइल फोटोग्राफी, लोक नृत्य (10 का समूह), कहानी लेखन, एवं समूह गायन विधाएँ रहेंगी। समूह गायन विधा से सर्वोत्कृष्ठ दल का सीधा संभाग हेतु चयन किया जाएगा। इस हेतु आयोजन समिति का निर्णय अंतिम रहेगा।

मोबाइल फोटोग्राफी, साइंस मेला एकल एंव समूह, सांस्कृतिक नृत्य के अलावा सभी विधाओं हेतु पंच प्रण विकसित भारत, गुलामी की मानसिकता से मुक्ति, विरासत पर गर्व, एकता और एकजुटता, नागरिकों का कर्तव्य थीम रहेगी। चित्रकला प्रतियोगिता हेतु प्रतिभागी अपनी सामग्री स्वयं लेकर आएंगे, सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु किसी भी प्रकार का पोशाक एवं अन्य भत्ता नहीं दिया जाएगा। भाषण प्रतियोगिता हेतु प्रथम ईनाम राशि 5000 द्वितीय 2500 तृतीय 1500 रहेगी, कविता लेखन चित्रकला एवं मोबाइल फोटोग्राफी हेतु प्रथम 2500 द्वितीय 1500 तृतीय 1000 रहेगा, साइंस मेला एकल हेतु प्रथम इनाम 3000 द्वितीय 2000 तृतीय 1500 एवं विज्ञान मेला समूह हेतु प्रथम इनाम 7000 द्वितीय 5000 तृतीय 3000 रहेगा, सामूहिक लोक नृत्य हेतु इनाम 7000 द्वितीय 5000 एवं तृतीय 3000 रहेगा, इनाम की राशि सभी विजेता प्रतिभागियों के बैंक खातों में भेजी जाएगी, कविता लेखन एवं समूह गायन हेतु नगद इनाम नहीं रहेगा। इसमें चयनित प्रतिभागी सीधा संभाग स्तर पर अपनी प्रस्तुति देंगे, जिले से विज्ञान मेला समूह के विजेता शासन निर्देश प्राप्त होने के पश्चात् ही आगे जा पाएंगे। कार्यक्रम का आयोजन नेहरू युवा केन्द्र, खेल और युवा कल्याण विभाग, राष्ट्रीय सेवा योजना जिला मंदसौर द्वारा किया जावेगा। अधिक जानकारी हेतु श्री अनिल कुमार आर्य एन.एस.एस. प्रभारी पी.जी. कालेज मंदसौर मो. 9968908440 एवं मुकेश भटेवरा मो.9981795075 जिला एथलेटिक्स कोच, मन्दसौर से सम्पर्क करें।

# सांसद गुप्ता ने की केन्द्रीय मंत्रियों से भेंट

**नई दिल्ली, 19 दिसम्बर।** गुरुवार को सांसद सुधीर गुप्ता ने आज केन्द्रीय किसान एवं कृषि कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा रेल, सूचना एवं प्रसारण व इलेक्ट्रोनिक्स एवं सूचना प्रोद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव से भेंट की एवं संसदीय क्षेत्र के किसानों से जुड़े विभिन्न विषयों को लेकर चर्चा की।

सांसद गुप्ता ने कृषि मंत्री चौहान को अवगत करवाया की नीमच मंदसौर समेत आस पास के क्षेत्र में मसालों में प्रमुख पैदावार लहसुन का उत्पादन बहुतायत से होता है। हजारों की संख्या में किसानों के परिवार आजिविका के लिये लहसुन पर निर्भर हैं। वर्तमान समय में अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा के कारण स्थानिय लहसुन उत्पादकों की उपज का उनको वास्तविक मुल्य नही मिल पा रहा हैं, तथा लहसुन उत्पादकों को काफी प्रतिस्पर्धा का सामना भी करना पड़ रहा हैं। संसदीय क्षेत्र समेत आस पास के अधिकतर ग्रामीणजन कृषि पर ही निर्भर रहे तथा उनकी उपज लहसुन का वास्तविक मुल्य भी अनेकों कारणों से प्रभावित हुये हैं। स्वदेशी लहसुन को बढ़ावा देने व उसको प्रोत्साहन देने के लिये सरकार के सहयोग की आवष्यकता हैं। कृषि मंत्री चौहान ने अवगत करवाया की वर्तमान में किसी भी देश से लहसुन का आयात नही किया जा रहा हैं तथा सरकार लहसुन किसानों के हितों को लेकर गंभीर हैं। लहसुन किसानों को हो रही परेशानियों का निराकरण कर दिया



जायेगा। इसके लिये वाणिज्य मंत्रालय से भी बातचीत किया जायेगा। सांसद गुप्ता ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से भेंट कर नीमच से रतलाम के रेलवे दोहरीकरण के कार्य शीघ्र करने की बात कही। इस मार्ग के बनने से यहॉ पर विकास के अनेक मार्ग खुलेगें। इसी के साथ ही सांसद गुप्ता ने प्रतापगढ से सुवासरा नवीन रेल मार्ग के जल्द स्वीकृति को लेकर चर्चा की। इसके साथ ही सांसद गुप्ता ने संसदीय क्षेत्र में चल रही रेलवे की विभिन्न परियोजनाओं के संबध में उनको अवगत करवाया एवं उसकी प्रगति के बारे में चर्चा की। इस इस अवसर पर चित्तौड़गढ सांसद सीपी जोशी उपस्थित थे।

# हिन्दू जगेगा तो विश्व जगेगा, श्री राम मंदिर निर्माण इस बात का साक्षी है-बजरंगदल



**मनासा, 19 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की आज मनासा शौर्य पदयात्रा बजरंग दल गणवेश,दंड ओर घोष के साथ कदम ताल मिलाकर नगर में निकली, विवेकानंद शाखा ग्राउंड पर सर्वप्रथम कार्यकर्ता इक्कठे हुए और वहां सभा हुई, कार्यक्रम की मंचासिन अतिथी लक्की बाडोलिया विहिप विधि प्रमुख,बजरंग दल जिला संयोजक दुर्गेश धनगर ,प्रखंड अध्यक्ष अर्जुन यजुर्वेदी, जिला गौरक्षा प्रमुख राहुल कुशवाह, प्रखंड मंत्री मंगल सिंह देवड़ा ने राम दरबार,भारत माता के दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुरुआत की। तत्पश्चात जिला संयोजक दुर्गेश धनगर ने कार्यक्रम की भूमिका रखी,मुख्य वक्ता विहिप विधि प्रमुख लक्की बाडोलिया ने अपने उद्बोधन में बताया कि हिन्दू जगेगा तो विश्व जगेगा का स्वर बुलंद हुवा ओर जब जब हिन्दू जगा है एक नया इतिहास लिखा है अयोध्या में प्रभु श्री राम जी का भव्य मंदिर निर्माण व स्थापना महोत्सव इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है, सेवा, सुरक्षा, संस्कार के ध्येय को लेकर बजरंगदल समाज के बीच सेवा कार्य,लव जिहाद, गौसेवा आदि कार्य करता है। इस अवसर पर प्रांत विद्यार्थी प्रमुख प्रेम कुशवाह, जगपाल फरक्या विशेष संपर्क प्रमुख, जिला सहसंयोजक अनिल सिंह सिसोदिया, सुरक्षा प्रमुख कपिल आचार्य, गोपाल सोनी,लोकेश जगोलिया, सावन चौहान,अनिल चफेरिया, मोहित बिरला,चयन दरक सहित प्रखंड कार्यकारिणी ओर खंड के दायित्व वान कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड सहमंत्री अविनाश आर्य ने किया,आभार प्रखंड संयोजक सर्वेश झवर ने माना।

## बैंकर्स समन्वय समिति की बैठक संपन्न

**मंदसौर, 19 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैंकर्स समन्वय समिति की बैठक कलेक्टर सभागार में आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने सभी बैंकर्स को निर्देश देते हुए कहा कि जनकल्याण पर्व के अंतर्गत आयोजित होने वाले शिविरों में हितग्राहियों को हित लाभ प्रदान करें। बैंकों के पास जितने भी लोन के प्रकरण है। उनका तुरंत समाधान करें। किसान क्रेडिट कार्ड के अंतर्गत बिना किसी कारण के प्रकरण निरस्त न करें। सभी बैंक विभागों के साथ बैठकर किसान क्रेडिट कार्ड के लंबित प्रकरणों का निराकरण करें। केसीसी के अंतर्गत जितने प्रकरण को निरस्त किया जा रहा है उसका स्पष्ट कारण बताएं। पीएम स्व निधि के अंतर्गत सभी नगरीय निकाय अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभ प्रदान करें। जिन हितग्राहियों ने 10 हजार रुपए की सुविधा का लाभ लिया है तथा पैसे भी जमा कर दिए है उन हितग्राहियों को 20 हजार रुपए के लोन का लाभ प्रदान करें। इसमें सभी बैंक सहयोग करें। सभी बैंक फसल बीमा के जितने भी भुगतान लंबित हैं, उनका भुगतान करें। कोई भी भुगतान लंबित नहीं रहना चाहिए।

## आज निकलेगी बजरंगदल की शौर्य यात्रा

**मंदसौर, 19 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल द्वारा पूरे जिले के सभी प्रखण्ड केंद्रों पर शौर्य यात्रा निकालने के बाद मन्दसौर प्रखण्ड (शहर) की शौर्य यात्रा आज शहर के प्रमुख मार्गों से निकलेगी उससे पूर्व फतेहपुरिया अग्रवाल धर्मशाला बस स्टैंड मन्दसौर पर साढे 12 बजे कार्यकर्ताओ का पूर्ण गणवेश के साथ एकत्रीकरण होगा जँहा विहीप/बजरंगदल के प्रांतीय पदाधिकारीयो के बौद्धिक उपरांत दोपहर डेढ़ बजे जय जय श्री राम,, देश का बल-बजरंगदल जयघोष के साथ शौर्य यात्रा प्रारम्भ होगी जो बस स्टैंड से घण्टाघर,,शुक्ला चौक,, नयापुरा रोड़,, गोल चौराहा,, बीपीएल चोराहा,,गाँधी चौराहा होते हुए पुन: श्री बड़े बालाजी मन्दिर बस स्टैंड पहुँचेगी जँहा शौर्ययात्रा पूर्ण होगी।। शौर्य यात्रा में पूर्ण गणवेश के साथ बड़ी संख्या में बजरंगदल कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे जिसमे डीजे,,भगवा ध्वज वाहिनी,,दंड वाहिनी रहेगी।। विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल हिन्दू समाज एवं युवाओ से आव्हान करता है कि बजरंगदल की शौर्य यात्रा मे अधिक से अधिक संख्या में पधारे एवं शौर्य यात्रा में भाग लेबे।। उक्त जानकारी विहीप जिला मंत्री हेमन्त बुलचंदानी द्वारा दी गई।।

# सरस्वती विद्या मंदिर की पूर्व छात्रा स्नेहा धनोतिया बनीं इसरो की वैज्ञानिक

**मंदसौर, 19 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** सरस्वती विद्या मंदिर सीबीएसई संजीत मार्ग मंदसौर की पूर्व



छात्रा बहन स्नेहा धनोतिया (सत्र 2018) ने अथक परिश्रम और लगन से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) में वैज्ञानिक के रूप में चयनित होकर इतिहास रचा है।

विद्या भारती के संस्कारों में पल्लवित हुई बहन स्नेहा ने अपनी द्वादश तक की शिक्षा सरस्वती विद्या मंदिर से प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने बी टेक पूर्ण किया और वर्तमान में आईआईटी बॉम्बे में एम टेक की छात्रा हैं। इसरो की चयन परीक्षा में सफल होकर बहन ने स्वयं के लिए ही नहीं अपितु अपने परिवार, विद्यालय और समूची विद्या भारती के लिए सम्मान के नवआयाम रच दिए हैं। स्नेहा ने सबसे पहले लिखित परीक्षा दी, जिसमें हजारों उम्मीदवारों ने भाग लिया। इस परीक्षा में स्नेहा ने अपनी गहरी तकनीकी समझ और विषयज्ञान के आधार पर शानदार प्रदर्शन किया। इसके बाद साक्षात्कार के चरण को भी सफलतापूर्वक पार किया। बहन स्नेहा धनोतिया की यह उपलब्धि विद्या भारती के अनेकानेक भैया बहनों में प्रेरणा और ऊर्जा का संचार करेगी। साथ ही यह उपलब्धि इस बात की पुष्टि भी करती है कि विद्या भारती के विद्यालय


उत्कृष्टशिक्षा के साथ संस्कार देने के संकल्प के प्रति सौ प्रतिशत प्रतिबद्धता रखते हैं। इस अवसर पर भारतीय आदर्श शिक्षण समिति एवं समस्त सरस्वती विहार शैक्षिक संस्थान, सरस्वती विद्या मंदिर सीबीएसई परिवार द्वारा बहिन को उनके उज्वल भविष्य के लिए अनेकों मंगलकामनाएं प्रेषित की गई।

# मुख्यमंत्री आज आगर-मालवा जिले में 880 मेगावाट आगर-नीमच सौर परियोजना का लोकार्पण करेंगे

**नीमच, 19 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव आज 20 दिसंबर को आगर मालवा जिले की तहसील सुसनेर के ग्राम पाल्दा में आयोजित कार्यक्रम में 880 मेगावाट आगर-नीमच सौर परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। जिसमें आगर-मालवा जिले की 550 मेगावाट एवं नीमच जिले की 330 मेगावाट क्षमता की सौर परियोजना शामिल है। मुख्यमंत्री जी सुसनेर विधानसभा के डोंगरगांव में बनी संत कमल किशोर नागर गौ-शाला पहुंचकर गौ-पूजन करेंगे।

कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवल सिंह सिसोदिया ने गुरुवार की शाम को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के सौर ऊर्जा परियोजना के लोकार्पण के जिला स्तरीय कार्यक्रम स्थल टाउन हॉल नीमच का प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर जनप्रतिनिधियों, मीडियाकर्मी एवं आम नागरिकों की बैठक व्यवस्था, मंच व्यवस्था, यातायात व्यवस्था मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम के लाइव प्रसारण की व्यवस्था हैआदि का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि कार्यक्रम में आने वाले नागरिकों को व्यवस्थित तरीके से बैठाएं, उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधियों, मीडियाकर्मियों, आमजनों, हितग्राहियों की बैठक हेतु पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। कार्यक्रम में आने वाले वाहनों को निर्धारित पार्किंग



स्थलों पर खड़े करवाए जाएं, जिससे यातायात व्यवस्था बाधित ना हो। एएसपी ने पुलिस अमले को निर्देश दिए कि कार्यक्रम में आने वाले सभी नागरिकों से, वाहन पार्किंग व्यवस्थित तरीके से करवाई जाए, जिससे कि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री अरविंद डामोर, अपर कलेक्टर श्रीमती लक्ष्मी गामड़, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवल सिंह सिसोदिया ,सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## ब्रह्म सम्मेलन में भाग लेने हेतु पंजीयन प्रारम्भ

**मंदसौर, 19 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ग्यारहवां ब्रह्म सम्मेलन दिनांक 12 जनवरी 2025 को श्री परशुराम धाम, परशुराम नगर, मन्दसौर (म. प्र.) पर आयोजित होगा। सम्मेलन में प्रवेश हेतु पंजीयन जारी है। पंजीयन की अंतिम तिथि 5 जनवरी 2025 है। विस्तृत जानकारी के लिए मोबाइल क्रमांक 9827363040 पर सम्पर्क करें।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 16 | 2286 | 2440 |
| उडद | 32 | 5600 | 7099 |
| सोयाबीन | 3002 | 3750 | 4250 |
| गैहु | 1375 | 2850 | 3220 |
| चना | 109 | 5652 | 6395 |
| मसुर | 95 | 5450 | 6101 |
| धनिया | 317 | 6100 | 7601 |
| लहसुन | 10000 | 8801 | 25000 |
| मैथी | 545 | 4531 | 6399 |
| मुंगफली | 3800 | 4290 | 5375 |
| अलसी | 985 | 5420 | 6042 |
| सरसो | 210 | 5576 | 5682 |
| तारामीरा | 0000 | 0000 | 0000 |
| इसबगोल | 36 | 10000 | 13080 |
| प्याज | 13000 | 600 | 1520 |
| कलोंजी | 28 | 15680 | 17581 |
| तुलसी बीज | 5 | 12000 | 16900 |
| डॉलर | 19 | 8601 | 10300 |
| तिल्ली | 22 | 10500 | 12380 |
| जौ | 2 | 2640 | 2640 |
| मटरसुखी | 1 | 5399 | 5399 |
| असालीया | 8 | 6000 | 13650 |
| चियाबीज | 41 | 11000 | 15380 |

## ब्लाक कांग्रेस मनासा ब्लाक की बैठक आज

**मनासा, 19 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश कांग्रेस के ऊर्जावान प्रदेशअध्यक्ष आदरणीय श्री जीतू पटवारी जी के निर्देश पर संगठन को मजबूती प्रदान करने हेतु ब्लाक कांग्रेस मनासा ब्लाक की सामूहिक बैठक आज दिनांक 20/12/2024 शुक्रवार को स्थान - डाक बंगला मनासा मे समय- 12:00 बजे से रखी गयी है।

जिसमें कांग्रेस जिला नीमच के प्रभारी पूर्व विधायक हर्ष विजय गहलोत , पूर्व मंत्री नरेंद्र जी नाहटा, सह प्रभारी डीपी धाकड़, नीमच जिला अध्यक्ष अनिल चौरसिया मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी उपस्थित रहेंगे। उक्त में बैठक मे आप सभी सम्मानित, बरिष्ठ नेता गण ,वर्तमान पार्षद गण,पूर्व पार्षद,, मोर्चा संगठनों के समस्त अध्यक्ष गण साथियों सहित,सम्मानित महिला कांग्रेस की सभी बहने,प्रकोष्ठों के समस्त अध्यक्ष गण,युवा कांग्रेस,साथियों सहित ,समस्त वार्ड अध्यक्ष गण,सेक्टर एवं मंडलम अध्यक्ष गण एवं साथी, कांग्रेस परिवार के सभी सम्मानित कार्यकर्ता साथीगण,अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की कृपा करें। मीटिंग के पश्चात देश के ग्रह मंत्री अमित शाह द्वारा संसद में बाबा भीमराव जी अम्बेडकर जी के लिए अपमान जनक शब्दों का उपयोग किया गया जिसके विरुद्ध मनासा को देश के राष्ट्रपति जी के नाम ज्ञापन दिया जाएगा यह जानकारी सुरेंद्र श्याम सोनी अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी मनासा ने दी।


### ✻ शोक संदेश ✻

नन्दकिशोर राठौर के सुपुत्र व राहुल राठौर के बड़े भाई श्री अभिजीत राठौर (कालू भैया) का आकस्मिक दु:खद स्वर्गवास दिनांक 19 दिसम्बर 2024 को हो गया हैं।



जिनकी अंतिम यात्रा दिनांक 20 दिसम्बर, 2024, शुक्रवार को प्रात: 9 बजे निज निवास शीतलामाता वाली गली, खटीक मोहल्ला, बालागंज, मन्दसौर से मुक्तिधाम शव वाहन से जायेगी।

✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻

**नन्दकिशोर राठौर, राहुल राठौर व राठौर परिवार मंदसौर**

### ✻ अंतिम यात्रा ✻

हमारी पुत्रवधू एवं डॉक्टर अरुण की धर्मपत्नी तथा डॉ. गर्वित व दर्शित की पूज्य माताजी एडवोकेट श्रीमती गायत्रीदेवी जी मुंदड़ा (पूर्व पार्षद) का देहावसान आज गुरुवार दिनांक 19 दिसंबर 2024 को चेन्नई मे हो गया है जिनकी अंतिम यात्रा शुक्रवार, 20 दिसंबर को सुबह 10:00 बजे निज निवास स्थान मुंदड़ा कॉलोनी (पोरवाल धर्मशाला के पास) पिपलियामंडी से टीलाखेड़ा मुक्तिधाम जाएगी।



✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻

**जानकीलाल मूंदड़ा, सोहनलाल, रामकिशन, रामस्वरूप एवं मुंदड़ा परिवार, पिपलियामंडी (मप्र)**



## न्यायालय तहसीलदार तहसील मंदसौर (नगर), जिला-मंदसौर (म.प्र.)

अ.वि.अ.प्रकरण क्रमांक 0003/अ-20(5)/2024-25

ईश्यू नम्बर- 1212/री- 1/2024
मंदसौर, दिनांक- 18.12.2024

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
नगरपालिका मंदसौर
.............. आवेदक
विरुद्ध
**मध्यप्रदेश शासन**
.............. अनावेदक

### ✻✻ सार्वजनिक सूचना/विज्ञप्ति ✻✻

सर्वसाधारण एवं जनता मंदसौर तहसील मंदसौर को यह सूचित किया जाता है कि मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगरपालिका मंदसौर द्वारा ग्राम कस्बा मंदसौर की शासकीय भूमि सर्वे नंबर 561 में से रकबा 2.25 हेक्टेयर मद शासकीय क्वार्टज विभाग सिवरेज योजना मे एस टी पी प्लान्ट निर्माण हेतु आबंटित किये जाने की मांग गई है।

आवेदक के अतिरिक्त अन्य कोई प्रश्नाधीन भूमि का आरक्षण समान प्रयोजन के लिए अथवा प्रश्नाधीन भूमि का आबंटन चाहता है तो वह भी अपना दावा अपनी अर्हताओं के विवरण के साथ कंडिका 09 की अपेक्षाओं की पूर्ति करते हुए इस कार्यालय को सार्वजनिक सूचना में उल्लेखित नियत अवधि के भीतर प्रस्तुत कर सकेगा।

अत: आवेदक को सिवरेज योजना में एस टी पी प्लान्ट निर्माण हेतु उक्त भूमि आबंटित किये जाने के विषय में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति/सुझाव हो तो वह इस प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 31/12/2024 तक स्वयं अथवा किसी वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। नियत समयावधि के उपरान्त प्रस्तुत की गई किसी भी आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा। सर्व संबंधित सूचित हो।

आज दिनांक 18/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से उक्त विज्ञप्ति जारी की गई।

तहसीलदार
तहसील मंदसौर (नगर)

# 22 हजार 460 करोड़ की राशि का अनुपूरक बजट विधानसभा ने किया पारित

## राजस्व मद में 13 हजार 130 करोड़ तथा पूंजीगत मद में 9 हजार 330 करोड़ की राशि का प्रावधान



**मंदसौर, 19 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा है कि देश-विदेश की सभी सरकारें, विकास कार्यों के लिए ऋण लेती हैं हमारी सरकार भी लेती है। हमारी सरकार इस ऋण राशि का उपयोग पूंजीगत कार्यों में करती है जो प्रदेश के विकास व आर्थिक गतिविधियों को स्थायित्व देती है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के लिये लिया गया ऋण, प्रदेश की जनता के लिये किया गया निवेश है। सरकार के द्वारा ऋण लेने की सीमा का निर्धारण भारत सरकार द्वारा किया गया है। हमारी सरकार का हमेशा यह प्रयास रहा है, कि ऐसे वित्तीय संस्थानों जो कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराते है, उनसे ऋण प्राप्त किया जाये। इस क्रम में इस वित्तीय वर्ष में नाबार्ड से आर.आई.डी.एफ. के अन्तर्गत लगभग 4 हजार करोड़ तथा सिडवी से लगभग रूपये 300 करोड़ का ऋण प्राप्त करने का प्रयास करेंगे।

उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा विधानसभा में अनुपूरक बजट पर चर्चा उपरांत सदन को संबोधित कर रहे थे। विधानसभा द्वारा प्रथम अनुपूरक अनुमान 2024-25 के लिये 22 हजार 460 करोड़ की राशि के प्रस्ताव को पारित किया गया। जिसमें राजस्व मद में 13 हजार 130 करोड़ तथा पूँजीगत मद में 9 हजार 330 करोड़ की राशि है। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि प्रथम अनुपूरक अनुमान में राज्य शासन के लगभग सभी विभागों की आवश्यकताओं का ध्यान रखा गया है। उप-मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि वर्ष 2024-25 का मुख्य बजट माह जुलाई, 2024 में विधान सभा द्वारा पारित किया गया एवं 01 अगस्त, 2024 से लागू किया गया। मुख्य बजट की विनियोग राशि रूपये 3 लाख 65 हजार 67 करोड़ की थी। संविधान के अनुच्छेद 205 में अनुपूरक अनुमान का प्रावधान है। मुख्य बजट में किये गये प्रावधान के अतिरिक्त ावश्यकताओं की पूर्ति, केन्द्र से वित्त पोषित योजनाओं के लिए आवश्यकता अनुसार प्रावधान आदि के लिए अनुपूरक अनुमान की आवश्यकता होती है। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि ऋण के सकल घरेलू राज्य घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में हम बेहतर राज्यों की गिनती में आते हैं। कुल ऋण को, सकल राज्य घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में अगर देखें तो वर्ष 2023-24 की स्थिति में पंजाब पर लगभग 47 प्रतिशत, हिमाचल प्रदेश पर लगभग 39 प्रतिशत, बिहार पर लगभग 36 प्रतिशत, बंगाल पर लगभग 37 प्रतिशत, राजस्थान पर लगभग 37 प्रतिशत, आंध्र प्रदेश पर लगभग 33 प्रतिशत का ऋण भार है। जबकि मध्य प्रदेश पर लगभग मात्र 25 प्रतिशत का ही ऋण भार है। उन्होंने कहा कि ऋण के मूलधन व ब्याज की वापिसी में भी हमारी सरकार ने कभी कोई चूक नहीं की है। वित्तीय संकेतकों में ब्याज भुगतान की तुलना राजस्व प्राप्ति से की जाती है। हमारे प्रदेश का ब्याज भुगतान, राजस्व प्राप्ति की तुलना में लगभग 10 प्रतिशत रहा है, जो कि राज्य की ऋण लेने की क्षमता और कुशल वित्तीय प्रबंधन को दर्शाता है।उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि सदस्यों द्वारा विपक्ष का कर्तव्य निभाते हुए प्रस्तावों की आलोचना तो की परन्तु उनके विचारों में भी प्रदेश के विकास व प्रदेश की जनता के कल्याण के भाव मौजूद रहे हैं। उन्होंने आशा व्यक्त कि सदन के सभी सदस्यों का प्रदेश के विकास एवं जन- कल्याण कार्यक्रमों के लिए मार्गदर्शन प्राप्त होता रहेगा। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि सदस्यों द्वारा उठाये गये सभी बिन्दुओं पर पूरी गंभीरता से विचार किया जायेगा। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा किहमारी सरकार पूँजीगत मद के व्यय में निरंतर अधिक निवेश करने का प्रयास कर रही है। पूँजीगत मद में निवेश से प्रदेश की आर्थिक गतिविधियां बढ़ती हैं जिससे प्रदेश के विकास के साथ प्रदेश की जनता को भी अधिक सुविधाएं प्राप्त होती हैं।

**जनकल्याण-कारी कार्यों में धनराशि की नहीं होगी कमी**–उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के यशस्वी नेतृत्व में हमारी सरकार का एक वर्ष का कार्यकाल उपलब्धिपूर्ण रहा है। इस अवसर पर संपूर्ण प्रदेश में जन-कल्याण पर्व आयोजित है। जन- कल्याण पर्व की अवधि में, सदन में प्रस्तुत प्रथम अनुपूरक अनुमान में सम्मिलित प्रस्ताव, जन-कल्याण पर्व की सार्थकता का प्रमाण है। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि हमारी सरकार केवल बजट प्रावधान नहीं कर रही है बल्कि इस प्रावधान के लिए आवश्यक राशि की व्यवस्था भी सुनिश्चित करती है। माननीय मुख्यमंत्री जी के निरंतर निगरानी एवं प्रदेश सरकार की अनुकूल नीतियों के द्वारा राजस्व आय में वृद्धि के प्रयास निरंतर किये जा रहे हैं। हमारी सरकार के प्रयासों से कल्याणकारी कार्यों के लिए कभी भी धनराशि की कमी की स्थिति नहीं बनी है।उपमुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि अनुपूरक बजट विकास को गति देगा, किसान भाईयों को आर्थिक रूप से मजबूती देगा, बहनों को खुशी देगा, युवाओं को हौसला देगा, आम जनता के जीवनयापन को सहज बनायेगा। कुल मिलाकर यह बजट, समावेशी, प्रगतिशील व भविष्य की सोच का बजट है। हमारी सरकार, रीति से कमाती है, नीति से खर्च करती है। हमारी सरकार बजट के द्वारा प्राप्त राशि को उद्देश्यपूर्ण एवं परिणामजनित उपयोग के लिए कृत-संकल्पित है।

# कार की चपेट में आया अधेड़

## लापरवाह कार चालक आधा किमी घसीटते हुए ले गया, मौत

**मनासा, 19 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** थाना क्षेत्र के मनासा-मंदसौर मार्ग पर बुधवार रात्रि में एक दर्दनाक हादसा हो गया। हादसे में एक तेज रफ्तार कार की चपेट में आकर एक 50 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई।

दरअसल, मृतक नानूराम पिता पृथ्वीराज पूर्बिया निवासी पूर्बिया मोहल्ला मनासा का रहने वाला था। बताया जा रहा है कि नानूराम राठोर बस पर कंडक्टर का काम करता था। बुधवार रात को वह बरडिया गांव के समीप मनासा मंदसौर मार्ग पर खड़ा था। इस दौरान एक तेज रफ्तार कार वहां से निकली, जिसने नानूराम को अपनी चपेट में ले लिया। इस दौरान नानूराम कार में फंस गया। जिसे कार सवार करीब आधा किलोमीटर से अधिक दूरी तक घसीट कर ले गए। जब कार सवारों को किसी के गाड़ी में फंसे होने का एहसास हुआ, तो वे मौके पर कार छोड़कर फरार हो गए। वही सूचना पर डायल 100 वाहन मौके पर पहुंचा। घायल नानूराम को मनासा के सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं गुरुवार सुबह मनासा अस्पताल में मृतक के शव का पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। मामले थाना प्रभारी शिवकुमार यादव ने बताया कि मनासा और बरडिया गांव के बीच नानूराम नामक व्यक्ति को कार ने टक्कर मार दी। जिसमें उसकी मौत हो गई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### जुआ खेलते 2 को पकड़ा

**पिपलियामंडी, 19 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** जुआ खेलते पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ा। पिपलिया पुलिस ने गांव बोतलगंज में ताशपत्ती से जुआ खेलते हुए मुलतानपुरा, हामु नाहर सैयद मंदसौर निवासी फारुख पिता अहमद नड्डा व मुलतानपुरा निवासी इनायत पिता अनवर बकरिया को पकड़ा। आरोपियों से कब्जे से नकदी व जुआ सामग्री जब्त कर केस दर्ज किया।

### लेन-देन में पीटा, केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 19 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** लेन-देन में मारपीट के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया। पित्याखेड़ी निवासी राहुल पिता जगदीश बंजारा ने नाहरगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मैंने पवन पिता रामचन्द्र बंजारा को टेक्टर-ट्राली किराए पर दे रखी है। किराए के रुपए मांगे तो पवन ने गाली-गलौज कर मारपीट की। पुलिस ने पवन पर केस दर्ज किया।

# सराफा व्यापारी के यहां चोरी करने वाली मंदसौर की दो महिलाएं इंदौर में गिरफ्तार

**मंदसौर, 19 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** शहर की दो महिलाओं को चोरी के मामले में इंदौर पुलिस ने पकड़ा है। इंदौर की सराफा पुलिस ने दो शातिर महिला चोरों को गिरफ्तार किया है। पिछले दिनों आरोपी महिलाओं ने बड़ा सराफा में ज्वेलरी स्टोर पर वारदात की थी। गिरफ्तार महिलाएं शातिर हैं, दोनों ने नकली डिजाइनर सोना बनवा रखा था।

टीआई सुरेंद्रसिंह रघुवंशी के मुताबिक 16 दिसंबर को अर्पित पिता राजेंद्र चौधरी ने दो अज्ञात महिला चोरों पर प्रकरण दर्ज करवाया था। उसने बताया था कि बड़ा सराफा के दीपरत्न कॉम्प्लेक्स में चौधरी ज्वेलर्स नाम से उनकी दुकान है। पिछले दिनों दुकान से अज्ञात महिलाओं ने मंगलसूत्र का पेंडल, अंगूठी चोरी कर लिए थे। पुलिस टीमों ने मुखबीर सूचना पर तबस्सुम पति शादाब उम्र 27 वर्ष निवासी अशोक नगर और मुस्कान खान उम्र 25 वर्ष निवासी मदारपुरा मंदसौर को गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों ने चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने सोने का पेंडल और अगूठी बरामद कर ली।

### ऐसे करती थी चोरी...

पुलिस ने बताया तबस्सुम और मुस्कान शातिर चोर है। दोनों ने अलग-अलग डिजाइन का नकली सोना बनाकर रखा है। वह सोना चांदी की दुकानों पर जाकर हूबहू डिजाइन का माल मांगती है। दुकानदार दिखाकर अन्य डिजाइन निकलने में लगता तब सोना बदलकर नकली माल दुकानदार के पैकेट में रखकर असली चोरी कर लेती थी।

# नदियों के संगम से मध्यप्रदेश-राजस्थान को मिलेगा जल-शक्ति का सदा-उर्वरा आशीष-मुख्यमंत्री



**मंदसौर, 19 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पानी का स्पर्श सदैव ऊर्जादायक रहा है। नदियों का संगम भूमि को पावन बनाने के साथ ही सभ्यताओं को नवजीवन भी देता रहा है। पार्वती- कालीसिंध- चंबल (पीकेसी) परियोजना के लिए एमओए और आधारशिला रखे जाने के अवसर को उन्होंने ऐतिहासिक और अदभूत बताया। डॉ. यादव ने दोनों प्रदेशों की 20 साल की प्रतीक्षा समाप्त करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देते हुए उन्हें आधुनिक युग के भगीरथ की संज्ञा दी। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने भी समारोह में संबोधित करते हुए मध्यप्रदेश केमुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को लाड़ला कहा।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी जोड़ो परियोजना से मध्यप्रदेश और राजस्थान को सिंचाई का पानी भी मिलेगा और पेयजल भी। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि पीकेसी परियोजना दोनों राज्यों की नदियों को सदानीरा बनाए रखेगी, इससे इन नदियों से संबद्ध भूमि शस्य- श्यामला बनेगी। पीकेसी परियोजना से मध्यप्रदेश को 3,000 और राजस्थान को 4,103 एमसीएम (मिलियन क्यूबिक मीटर) पानी मिलेगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी, मुख्यमंत्री डॉ. यादव, राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा और केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री श्री सी. आर. पाटिल की मौजूदगी में केन्द्र सरकार और दोनों राज्य सरकारों के अधिकारियों द्वारा परियोजना के लिए 17 दिसंबर 2024 को एमओए के साथ योजना के प्रथम चरण की आधारशिला रखी गई। परियोजना का क्रियान्वयन आगमी 8 वर्षों में किये जाने का लक्ष्य है।

पीकेसी परियोजना से प्रदेश केगुना, मुरैना, शिवपुरी, भिंड, श्योपुर, उज्जैन, सीहोर, मंदसौर, इंदौर, देवास, आगर मालवा, शाजापुर और राजगढ जिलों में 22 परियोजनाओं से 3217 गांवों को लाभ मिलेगा। परियोजना के अंतर्गत 17 बांध एवं 4 बैराज समेत 21 जल संरचनाओं का निर्माण किया जाएगा। मालवा और चंबल क्षेत्र की 6.13 लाख हेक्टेयर भूमि हरीभरी हो जाएगी। साथ ही 40 लाख से अधिक आबादी को पेयजल उपलब्ध होगा।

**पुरानी चंबल दायीं मुख्य नहर एवं वितरण तंत्र प्रणाली का होगा नवीनीकरण**– पीकेसी परियोजना में लगभग 60 वर्ष पुरानी चंबल दायीं मुख्य नहर एवं वितरण तंत्र प्रणाली का नवीनीकरण एवं आधुनिकीकरण भी किया जाएगा। इससे मध्यप्रदेश भिंड, मुरैना एवं श्योपुर के 3 लाख 62 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराया जायेगा।

**25 दिसम्बर को मिलेगी केन-बेतवा परियोजना की सौगात** – मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि 25 दिसम्बर 2024 को मध्यप्रदेश को प्रधानमंत्री श्री मोदी केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना की सौगात देंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी खजुराहों में योजना के प्रथम चरण का शिलान्यास करेंगे। इससे मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश के बुंदेलखण्ड अंचल के लोगों को सिंचाई और पेयजल प्राप्त होगा।

## वार्षिक उत्सव पर छात्र छात्राओं ने दिखाया दम

**नगरी, 19 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** शा उ मा वि नगरी विद्यालय में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन पर आज खो – खो में बालक वर्ग एवं बालिका वर्ग में कक्षा 11वीं ने बाजी मारी वार्षिकोत्सव गोला फेक प्रतियोगिता में प्रथम विजय प्रजापत,द्वितीय मनीष भाभी रस्सा कसी में बालिका वर्ग में कक्षा 11वीं एवं बालक वर्ग में कक्षा 12वीं ने अपना दमखम दिखाया। कार्यक्रम में विद्यालय के निर्माण सभापति राजेश जैन प्राचार्य श्रीमती रीता शर्मा सहित यशवंत कुमार धाकड़ ,अनिल सुथार ,शंकर सिंह चौहान ,कमलेश धाकड़ ,भंवरलाल सागित्रा,मनीष पोरवाल, गोपाल धाकड़ , अर्चना जैन , हर्षाली कुमावत ,मोहनलाल डोहरा , दौलतराम ठन्ना ,महेश कुमार भदानिया, जयंत राठौर , वर्दीचंद कुमावत, भावेश सोलंकी,हेमंत सेन भी उपस्थित रहे।


जय श्री गणेश





100% प्रतिशत ग्यारंटेड

1600/- रूपए प्रति किलो

घर पहुंच सेवा उपलब्ध

पूजा पाठ एवं घर में खाने के लिए दही से बना 100 प्रतिशत देशी गाय का शुद्ध देशी घी हमारे यहां उपलब्ध है।

***** संपर्क *****

9669590957, 7389146745





चलो प्रयागराज महाकुंभ

10 जनवरी श्री महादेव तीर्थ यात्रा मंदसौर द्वारा किराया मात्र 8501/- स्लीपर बस द्वारा

****** संपर्क करें ******

महेश परमार 7470433491, 9575987517


# सास-ससुर के साथ रहने वाली बहुओं का सम्मान: उज्जैन पुलिस की नई पहल



नेमीचंद राठौर

**मंदसौर, 19 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** परिवार भारतीय समाज का आधारभूत स्तंभ है, और संयुक्त परिवार इसकी रीढ़। बदलते समय के साथ एकल परिवारों का प्रचलन बढ़ा है, जिससे रिश्तों में दूरियां बढ़ रही हैं। इस संदर्भ में, उज्जैन पुलिस ने एक अनूठी और सराहनीय पहल शुरू की है, जिसका उद्देश्य संयुक्त परिवारों को प्रोत्साहित करना और बहुओं के योगदान को पहचानना है।

इस पहल का मुख्य उद्देश्य उन बहुओं को सार्वजनिक रूप से सम्मानित करना है, जो पिछले 10 वर्षों या उससे अधिक समय से अपने सास-ससुर के साथ रहकर उनका ध्यान रख रही हैं। उज्जैन पुलिस का मानना है कि ऐसा सम्मान न केवल उन बहुओं के आत्मसम्मान को बढ़ाएगा, बल्कि युवाओं के लिए रिश्तों की अहमियत को भी रेखांकित करेगा। एडिशनल एसपी पल्लवी शुक्ला के अनुसार, यह पहल समाज को नई दिशा देने के साथ-साथ रिश्तों की मधुरता को बनाए रखने में सहायक होगी। इस कार्यक्रम के माध्यम से उज्जैन पुलिस यह संदेश देना चाहती है कि बहू केवल घर की सदस्य नहीं होती, बल्कि वह परिवार के बुजुर्गों की देखभाल करने वाली एक महत्वपूर्ण कड़ी है। उज्जैन पुलिस द्वारा उन बहुओं को सार्वजनिक मंच पर सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने अपने सास-ससुर के साथ लंबे 10 वर्षों तक रहकर परिवार को एकजुट रखा।

समाज में यह उदाहरण पेश करना कि यह सम्मान समाज में उन बहुओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देगा, जो अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा से करती हैं। आने वाली पीढ़ियों को इस कार्यक्रम के जरिए बेटियों और युवतियों को यह संदेश दिया जाएगा कि ससुराल में बहू का योगदान केवल परंपरा का हिस्सा नहीं, बल्कि परिवार को मजबूती प्रदान करने का आधार है। संयुक्त परिवार न केवल भावनात्मक बल्कि सामाजिक और आर्थिक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है। परिवार में बुजुर्गों के अनुभव और युवाओं की ऊर्जा जब एक साथ मिलती है, तो समाज में स्थिरता और सामंजस्य की भावना मजबूत होती है। इस पहल के जरिए उज्जैन पुलिस न केवल बहुओं के योगदान को सराहेगी, बल्कि संयुक्त परिवार की उपयोगिता को भी नए सिरे से परिभाषित करेगी। उज्जैन पुलिस की यह पहल समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास है। यह न केवल बहुओं के प्रति सम्मान व्यक्त करने का एक तरीका है, बल्कि रिश्तों को सहेजने और निभाने की परंपरा को भी पुनर्जीवित करने का जरिया है। उम्मीद है कि इस कदम से अन्य संस्थाएं और समुदाय भी प्रेरित होकर अपने स्तर पर रिश्तों को मजबूत करने के लिए प्रयास करेंगे।

# आज होने वाला नगर पालिका का विशेष सम्मेलन विधि विरुद्ध

## मैं इससे सहमत नहीं हूं पत्रकार वार्ता में बोली नपाअध्यक्ष स्वाति चोपड़ा

राजेश भंडारी

**नीमच, 19 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** नीमच नगर पालिका अध्यक्ष स्वाति चोपड़ा ने टाउन हॉल में आयोजित पत्रकार वार्ता में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि 20 दिसंबर को आयोजित होने वाला नीमच नगर पालिका का विशेष सम्मेलन विधि विरुद्ध है और मेरी असहमति के बाद भी नगर पालिका उपाध्यक्ष की सहमति से सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है जिससे मैं सहमत नहीं हूं और मैं इस सम्मेलन को निरस्त करने के लिए नगर पालिका अधिकारी, जिला कलेक्टर सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों व भाजपा जिला अध्यक्ष को भी जानकारी दी है जिले के प्रभारी मंत्री को भी इस बारे में अवगत कराया गया है।

**पार्षद भ्रमित ना हो**–श्रीमती चोपड़ा ने कहा कि आयोजित होने वाले सम्मेलन के बारे में भ्रामक जानकारी दी जा रही है सम्मेलन के स्पष्ट रूप से उद्देश्य व कार्य कि जानकारी नहीं दी गई है वमात्र एक संस्था के हित के लिए सम्मेलन आयोजित किया जाना उचित नहीं है। उक्त कार्य जनहित व नगर पालिका के हित में नहीं है। नपाध्यक्ष ने बताया कि नगर की एक महिला संगठन - संस्था द्वारा भूमि आवंटन की मांग की गई है और परिषद का विशेष सम्मेलन बुलाने हेतु निवेदन किया। इस बारे में भी 31 पार्षदों ने नपा अधिनियम की धारा 57 के अंतर्गत विशेष सम्मेलन बुलाने की मांग भी की। समस्त तथ्यों का गहन परीक्षण करने पर यह स्पष्ट निष्कर्ष है कि इस प्रकार से किसी संस्था विशेष को भूमि आवंटन के प्रयास, कार्यवाही से मध्यप्रदेश नगरपालिका अधनियम, सम्पत्ति अंतरण नियमों का खुला उल्लंघन के दायरे में आता है। इस तरह के कार्य से नीमच नगरपालिका निकाय और सरकार को भारी आर्थिक क्षति सम्भावित है और नागरिकों के समानता के संविधान सम्मत अधिकारों का भी हनन का मामला बनता है। इन विधि संगत आधारों पर ही, मैंने इन विषयों को लेकर विशेष सम्मेलन के आयोजन को अनुचित, अव्यवहारिक, अवैधानिक पाकर आवेदन को विचार योग्य नहीं माना और मुख्य नगरपालिका अधिकारी को स्पष्ट रूप से 10.10. 2024 तथा 23.10. 2024, को लिखित रूप आदेशित किया कि विशेष सम्मेलन आयोजित नहीं किया जाए। इसके बावजूद, भ्रामक, अस्पष्ट आधारों पर और नपा अधिनियम के विहित प्रावधानों की अनुचित व्याख्या करते हुए मुख्य नगरपालिका अधिकारी द्वारा विशेष सम्मेलन की रूपरेखा तैयार की गई है और उपाध्यक्ष महोदया से पार्षदगण को भ्रमित कर अनुमति जारी की गई है।



**मेरी असहमति**–मैं इस समय कार्य पर उपस्थित हूं और सक्रिय भी। ऐसी स्थिति में मुख्य नगरपालिका अधिकारी द्वारा मेरी असहमति पर उपाध्यक्ष महोदया से अनुमति लेना न्याय संगत नहीं हैं। कानून सम्मत बात यह है कि इस तरह और अस्पष्ट विषयों पर विशेष सम्मेलन बुलाना ही विधि संगत नहीं हैं। लिखित आवेदन में शासन और जिला प्रशासन को यथा समय प्रस्तुत कर चुकी हूँ और पुन: यह अनुरोध करती हूं कि नीमच नगरपालिका, नगर की जनता और सरकार को होने वाली अपूरणीय क्षति, कानून के खुले उल्लंघन और अनीति को ध्यान में रखते हुए इस सम्मेलन को निरस्त किया जाए।

**भाजपा जिला अध्यक्ष ने संभाला मोर्चा**–नगर पालिका अध्यक्ष की प्रेस कांफ्रेंस के बाद भाजपा जिला अध्यक्ष पवन पाटीदार ने मोर्चा संभालते हुए भाजपा पार्षदों से अपने कार्यालय पर चर्चा की और विश्वास दिलाया कि भाजपा पार्षदशहर वनगर हित में ही कार्य करेंगे वह पार्टी की लाइन पर ही चलेंगे कोई भी शहर वह नगर पालिका केअहित जैसा कार्य नहीं होने दिया जाएगा।

# हत्या करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास, 25 हजार का जुर्माना

**मंदसौर, 19 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** पंचम अपर सत्र न्यायालय के न्यायाधीश मंदसौर सुश्री प्रतिष्ठा अवस्थी ने एक निर्णय में आरोपी योगेन्द्र पिता जमनालाल यादव निवासी -इन्द्रा कॉलोनी प्रतापगढ़ को हत्या के मामले में भादवि धारा302 भादवि में आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही पचीस हजार रूपए के जुर्माने से दण्डित किया है।

अपर लोक अभियोजक भगवान सिंह चैहान ने बताया कि घटना इस प्रकार है कि दिनांक 12 अप्रेल 2019 को रात करीबन 8 बजे दिलीप के घर के सामने आजाद चैक रांकोदा थाना भावगढ़ मृतक पप्पूलाल की मृत्यु कारित करने के आशय से उसकी चाकू से मारपीट कर उसकी साशय मृत्यु कारित कर हत्या कारित करने हेतु भादवि 302 के अंतर्गत धारा का आरोप है। घटना दिनांक को आरोपी योगेन्द्रसिंह अपनी पत्नि रेखाबाई, चचरे भाई दिलीप से मजदूरी के 500-600 रूपए मांगने के लिए झगड़ा कर रहा था, तभी मृतक पप्पूलाल ने आरोपी योगेन्द्र को समझााया था, रात में विवाद क्यो कर रहा है, सुबह पैसे ले लेना, आरोपी योगेन्द्र ने पप्पूलाल को मां-बहन की गालिया देते हुए मृतक पप्पूलाल के गुप्तांक पर चाकू मारा, जानसे मारने की नियत से दो-तीन वार किए गए। मृतक पप्पूलाल चाकू लगने से खुन निकलने लगा व वह वही पर बैठ गया था, मौके पर उमेश व झमकलाल एवं अन्य लोग आ गए थे, पप्पूलाल को अस्पताल लेकर गए, वहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। इसके पश्चात पुलिस ने मर्ग कायम कर मर्ग कायम करने के पश्चात थाना भावगढ़ में अपराध क्र.157/19, धारा 302 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया एवं विवेचना निरीक्षक शिवलाल यादव के द्वारा की गई मौके से अभियुक्त से चाकू एवं खुनअलोदा कपड़े एवं चप्पल जप्त की थी एवं विवेचना पूर्ण करने के पश्चात न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया था। न्यायालय में अभियोजन की ओर से 09 साक्षीगण के कथन कराए गए एवं कुल 23 दस्तावेज प्रदर्शित कराए गए एवं कुल 06 आरटीकल न्यायालय में प्रस्तुत किए गए। प्रकरण में डॉक्टर के द्वारा न्यायालय में बताया के.आर.पाटीदार ने अपने कथन में बताया कि मृतक को जो चोट आई वह उक्त चाकू से आना संभव है एवं घटना के साक्ष्यिों ने घटना का समर्थन किया गया। उक्त साक्ष्य के आने के आधार पर आरोपी को आजन्म कारावास व पच्चीस हजार रूपए के जुर्माने से दंडित किया गया। प्रकरण में अभियोजन की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक भगवानसिंह चैहान, लोक अभियोजक तेजपालसिंह शक्तावत, अपर लोक अभियोजक भगवतीलाल शर्मा के द्वारा की गई है।


## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला मंदसौर म.प्र.

E-Mail-modgmman@mp.gov.in

क्रमांक/1744/खनिज/2024 मंदसौर, दिनांक-17.12.2024

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18(1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिए

//// प्रथम सूचना ////

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सुरेशचंद्र टेलर पिता बद्रीलाल टेलर निवासी कृष्णभवन कोठारी नगर, गीताभवन मंदसौर, जिला मंदसौर द्वारा क्रेशर मशीन लगाकर गिट्टी बनाने एवं विक्रय के लिए पत्थर खनिज का उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर आनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 12.12.2024 को प्रस्तुत किया गया है। दिनांक 21.01.2025 तक इस क्षेत्र पर यथा स्थित उत्खनिपट्टा आवेदन आन लाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

### आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नं. | रकबा | भूमि का प्रकार (शासकीय/निजी) | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मंदसौर | मल्हारगढ़ | काल्याखेड़ी गुजरान | 577/17 | 3.000 है. | शासकीय | गिट्टी पत्थर एवं एम सेड़ (क्रेशर आधारित) | --- |

1. उपरोक्त प्रस्तुत आनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 21.01.2025 तक कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक आनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। 2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो पुन: 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र एवं पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त आवेदन पत्र को मप्र गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा। 5. निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी

खनिज शाखा जिला मंदसौर म.प्र.

G-20495/24

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।




स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in